कृषि मंडी में किसानों ने धरना प्रदर्शन कर जताई नाराजगी

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। कृषि उपज मंडी में उपज बेचने आए किसानों ने मंडी प्रशासन व व्यापारियों की मनमानी व कुप्रबंधन के खिलाफ धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। मामले की नजाकत को भांप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मदनगंज थाना इंचार्ज सहित विधायक डॉ. विकास चौधरी तत्काल मौके पर पहुंच गये। विधायक चौधरी ने कहा की ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न होती है, सभी को चिंतन करना चाहिये की किसान बेमौसम बरसात, औलावृष्टी अतिवृष्टी जैसी प्राकृतिक आपदाओ से टूट चुका है, इसके बावजूद मंडी प्रशासन व व्यापारियों द्वारा अन्नदाता को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा मंडी में फसल बेचने आये किसानो को तुलाई के लिये घंटो इंतजार करना पड़ रहा है, उचित भाव देने के बजाय इनका शोषण किया जा रहा है, बुनियादी सुविधाओ का पुरी तरह अभाव है। विकट परिस्थितियों में किसान के सामने आंदोलन करने के अलावा और

प्रदर्शन स्थल पर मामलें की नजाकत को भांप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, मदनगंज थाना इंचार्ज सहित विधायक डॉ. विकास चौधरी तत्काल मौके पर पहुंचे।

कोई रास्ता नहीं बचता। विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा की व्यवस्था में सुधार करना होगा, अन्यथा पुनः आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना

- विधायक चौधरी ने मध्यस्था कर मामला शांत कराया

पड़ेगा। इनके कड़े रुख के कारण मंडी प्रशासन को दी गई डेडलाइन के बाद प्रशासन ने व्यवस्थाओं को सुचारू करने का आश्वासन दिये जाने पर मामला शांत हो सका। धरना प्रदर्शन के दौरान मंडी में अपनी उपज बेचने आई गांव डीडवाड़ा निवासी दलित समाज की महिला का पैर फिसलने से गंभीर रूप से चोटिल होने पर विधायक चौधरी ने तत्काल महिला को सहारा देकर अपनी निजी गाड़ी में बिठाकर अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल भी मौजूद रहे।

भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस, अजमेर में दिखा उत्साह और उल्लास

- कार्यकर्ताओं को दी बधाई, मिठाई बांटकर जताई खुशी
- सुरेश सिंह रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जनता को सुशासन प्रदान किया है और देश के विकास को नई दिशा दी है

अजमेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी ने आज अपना स्थापना दिवस पूरे देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इसी क्रम में अजमेर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के बीच विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यालय पर किया गया, जहां प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

ध्वजारोहण के बाद मंत्री सुरेश सिंह रावत ने उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और पार्टी की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग साफ नजर आई।

इस दौरान सुरेश सिंह रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जनता को सुशासन प्रदान किया है और देश के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों और कार्यों के कारण भारत तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

रावत ने आगे कहा कि भाजपा 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही है। उनका कहना था कि पार्टी का उद्देश्य भारत को विश्व स्तर पर एक सशक्त और अग्रणी राष्ट्र बनाना है, जिसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किए जा रहे हैं।

प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी स्पष्ट लक्ष्य के साथ काम नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जहां देश को विश्वगुरु बनाने की दिशा में कार्य कर रही है, वहीं कांग्रेस के पास दूरदर्शी सोच का अभाव रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। स्थापना दिवस के इस आयोजन ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और एकजुटता का संचार किया।

निगम को सौंपा ज्ञापन

अजमेर, (कासं)। पुरानी मंडी व्यापारिक संघ ने पुरानी मंडी चौक में स्थित क्षतिग्रस्त शौचालय के पुनर्निर्माण की मांग को लेकर नगर निगम अजमेर को ज्ञापन सौंपा है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि लगभग 25-30 वर्ष पुराना यह शौचालय क्षेत्र के व्यापारियों और ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा का केंद्र रहा है। कुछ दिनों पूर्व एक वाहन की टक्कर से यह शौचालय क्षतिग्रस्त हो गया, जिसकी सूचना कोतवाली थाने में भी दी जा चुकी है। शौचालय के क्षतिग्रस्त होने से क्षेत्र में आने वाले व्यापारियों और ग्राहकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। व्यापारिक संघ ने नगर निगम से शीघ्र पुनर्निर्माण की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो व्यापारी अनिश्चितकालीन बाजार बंद करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

वरिष्ठ नागरिकों का प्रांतीय अधिवेशन चित्तौड़गढ़ में सम्पन्न

- दो दिवसीय यह सम्मेलन 4 और 5 अप्रैल को इंदिरा ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर से 1000 से अधिक सदस्यों ने पंजीकरण कर भाग लिया

अजमेर, (कासं)। सीनियर सिटिजन सोसायटी का प्रांतीय अधिवेशन चित्तौड़गढ़ में वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। दो दिवसीय यह सम्मेलन 4 और 5 अप्रैल को इंदिरा ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेशभर से 1000 से अधिक सदस्यों ने पंजीकरण कर भाग लिया।

मीडिया प्रभारी डॉ. एस.डी. मिश्रा ने बताया कि अजमेर सीनियर सिटिजन सोसायटी के अध्यक्ष किशन गोपाल वैष्णव और महासचिव सुभाष दत्त शर्मा के नेतृत्व में अजमेर से 112 सदस्य सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि प्रदेश में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिनमें से बड़ी संख्या अकेले रह रही है और उन्हें पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। महासचिव सुभाष दत्त शर्मा ने वर्ष 2027 का अगला प्रांतीय सम्मेलन अजमेर में आयोजित करने की घोषणा की। अधिवेशन में अजमेर टीम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री गौतम दक और विधायक चंद्रभान सिंह आक्या भी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

स्वामी विवेकानंद तरणताल का विधिवत संचालन प्रारंभ

भीलवाड़ा(निसं)।जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र भीलवाड़ा द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद तरणताल का नियमित संचालन 7 अप्रैल से प्रारंभ किया जा रहा है। इस हेतु तरणताल पर आयोजित हुए समारोह में मुख्य अतिथि उद्योगपति एवं समाज सेवी अतुल बाल्दी एवं वरिष्ठ तैराक एवं व्यवसायी रामप्रकाश पोरवाल ने गणपति वंदन कर नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे तैराकों का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। अधिक जानकारी देते हुए जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रातः एवं सायं काल अलग-अलग बैचेज का निर्धारण किया गया है। महिलाओं हेतु पृथक से एक बैच का निर्धारण किया गया है। प्रत्येक बैच 40 मिनट की अवधि का होगा। प्रथम बैच प्रातः काल 6:20 से 7:00 तक उसके बाद 7:10 से 7:50, फिर 8:00 से 8:40 एवं उसके बाद 8:50 से 9:30 तक महिलाओं हेतु रिजर्व रहेगा। सायं काल 4:00 से 4:40, 4:50 से 5:30, 5:40 से 6:20, 6:30 से 7:10, एवं 7: 20 से 8:00 बजे तक बैच चलेंगे। 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों हेतु 1400 रुपए एवं उससे ऊपर 1600 रुपए प्रतिमाह फीस रखी गई है। प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिए जाएंगे। प्रवेश हेतु स्वामी विवेकानंद तरणताल पर संपर्क किया जा सकता है।इस अवसर पर विवेकानंद खेल विकास संस्थान के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, सचिव राकेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष धनराज गांछा, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह शेखावत,कमल सिंह राणावत, अब्बास अली कायमखानी, यमुना प्रसाद यादव, एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्य सुरेंद्र सिंह राठौड, सोहन बैरवा,मुकेश मित्तल, पूरणमल आचार्य, चंद्रेश राणावत, अनिता पालीवाल, स्नेहलता बैरवा,अर्चना यादव, परवीन बानो, इत्यादि उपस्थित थे।

अजयमेरू स्वर बहार 2026 का आयोजन 11 अप्रैल को

अजमेर,(कासं)। अजयमेरू स्वर बहार 2026 के अंतर्गत 'तरंगम' कार्यक्रम का आयोजन 11 अप्रैल को वैशाली नगर स्थित लायंस भवन में सायं 4:15 बजे से किया जाएगा। प्रवक्ता राजेंद्र गांधी ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के 30 गायक कलाकार अपनी मधुर प्रस्तुतियां देंगे। इस अवसर पर प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक महेंद्र जैन मित्तल के अनुसार, प्रतिभागी हिंदी फिल्मी गीत, राजस्थानी लोकगीत, भजन, युगल एवं एकल गायन के साथ-साथ नृत्य प्रस्तुतियां भी देंगे। सहसंयोजक अरविंद शुक्ला, किशनगोपाल पाराशर और सुमन वैष्णव ने बताया कि इस आयोजन में शहर के वरिष्ठ एवं नवोदित कराओके कलाकार भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए कलाकारों को मंच प्रदान करना है, ताकि उनकी प्रतिभा को पहचान मिल सके और वे आगे बढ़ सकें।

संभाग स्तरीय युवा संबल मेला आज

अजमेर, (कासं)। जिला प्रशासन और कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 7 अप्रैल को संभाग स्तरीय युवा संबल मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, माखुपुरा में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। रोजगार विभाग के उपनिदेशक मधुसूदन जोशी ने बताया कि मेले में 20 से अधिक क्षेत्रों के लगभग 40 निजी नियोक्ताओं ने भाग लेने के लिए पंजीयन कराया है। इसके अलावा 3 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने भी इसमें भाग लेने के लिए पंजीकरण किया है। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए यह मेला एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा, जहां वे विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से सीधे संपर्क कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

लॉयर्स प्रीमियर लीग, लीजन लॉयर्स की शानदार जींत

अजमेर, (कासं)। अजमेर जिला बार एसोसिएशन और एलपीएल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लॉयर्स प्रीमियर लीग 7 डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रविवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया। यह मैच लीजन लॉयर्स और एबीएन स्ट्राइकर के बीच हुआ। एडवोकेट रविन्द्र चौहान ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एबीएन स्ट्राइकर की टीम ने 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी लीजन लॉयर्स की टीम ने संयमित बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19 ओवर में 6 विकेट खोकर 125 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए लीजन लॉयर्स के कप्तान श्याम कृष्ण पारीक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने गेंदबाजी में 4 ओवर में 4 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच के दौरान आशीष राजोरिया, मुकेश साहू, फुरकान शेख, रविंद्र चौहान, पीयूष जैन, उमेश शर्मा, राजकुमार रावत, संदीप टाक, फकरुद्दीन दानिश चिश्ती, टीकम टाक, पवन पांचाल, मोहित चौहान, रईस भारती, नवीन बैरवा, भरत मेघवंशी, मुकेश चौधरी, सुरेश घोड़ेश्वर, संजय गुर्जर, आयुष सांखला, सुशील शर्मा, शिवराज पदमपुरा, शक्ति रावत, शैलेन्द्र परमार, प्रभु गुर्जर और यश रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नारकीय नाला की सफाई को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

ब्यावर (निसं)। ओलावृष्टि से डिग्गी चौक के नाले में जमा ठसाठस कचरा सडकों पर आ गया जिससे चार रोज बीत जाने के बावजूद नालों का पानी सड़कों पर भरा हुआ है। पूरे वार्ड की सडके गंदे पानी व कीचड से भरी हुई है। पानी की निकासी ही नहीं हो रही है जिस कारण पूरा वार्ड सडांध मार रहा है लोगो का जीना दूभर हो गया है। डिग्गी चौक में पानी की निकासी के लिए बरसो पुराने नाले बने हुए हैं जो 5, 6 फिट गहरे है और ऊपर तक कीचड भरा हुआ है लेकिन उनकी 2002 के बाद सही तरीके से सफाई नहीं हो पाई है जिससे पानी की निकासी नहीं हो रही। इस आशय का एक ज्ञापन यहाँ के वाशीन्दो ने जिला कलेक्टर कमलराम मीणा को सौंपा है।

एमडीएसयू द्वारा ग्राम घूघरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के धन्वंतरि आरोग्य केंद्र की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को ग्राम घूघरा में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन श्री रामदेव जी मंदिर के पास प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा।

स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. राजू शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय सामाजिक सरोकार के तहत निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार कर रहा है। इसी क्रम में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया जाएगा। इसमें रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न पैथोलॉजी जांचें निःशुल्क की जाएंगी। साथ ही जरूरतमंदों को परामर्श के बाद औषधियां भी निःशुल्क वितरित की जाएंगी। ग्रामीणों को स्वास्थ्य जागरूकता के साथ सेनेटरी पैड्स एवं अन्य स्वास्थ्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर समाजसेवी अमित भंसाली, देवकरण गुर्जर, सत्यनारायण भंसाली और अमृत चौधरी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की।

आमजन के लिए महेश शीतल जल वाटिका शुरू

ब्यावर (निसं)। श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड के सामाजिक सेवा सरोकार के अंतर्गत आमजन के लिए महेश शीतल जल वाटिका शुरू की है। सामाजिक सेवा कार्यो की कडी में सोमवार को शहर के कालेज रोड स्थित नेशनल इंश्योरेंस कार्यालय के बाहर एक महेश शीतल जल वाटिका का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू ने बताया कि के सी लड्ढा के सहयोग से शुरू की गई महेश शीतल जल वाटिका से यहां पर आने वाले राहगीरों को गर्मी के मौसम में शीतल जल उपलब्ध हो सकेगा। इस दौरान बोर्ड पदाधिकारियों ने भामाशाह केसी लड्ढा का बाहुमान किया।

राजस्थान प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- 'संस्कार ही धरोहर' सत्र पर विशेष चर्चा, आगामी कार्यकाल की रूपरेखा प्रस्तुत

अजमेर, (कासं)। राजस्थान प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह आज बड़े ही हर्ष और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीनाथजी के अभिषेक, विशेष श्रृंगार एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस आध्यात्मिक माहौल ने पूरे आयोजन को एक सकारात्मक और श्रद्धामय दिशा प्रदान की।

राष्ट्रीय सचिव कविता बगडिया ने बताया कि इस अवसर पर सम्मेलन के सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ लेते हुए अपने-अपने पदभार ग्रहण किए। सभी सदस्यों ने संगठन के उद्देश्यों और मूल्यों के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

समारोह के दौरान पदाधिकारियों को उनके आगामी दो वर्षों के कार्यकाल की विस्तृत रूपरेखा भी समझाई गई। इसमें संगठन को मजबूत बनाने, समाज सेवा गतिविधियों को बढ़ावा देने और महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

इस बार के सत्र को 'संस्कार ही धरोहर' नाम दिया गया। इस विषय के अंतर्गत विशेष रूप से यह बताया गया कि हमारे बुजुर्गों द्वारा दिए गए संस्कारों को किस प्रकार आगे बढ़ाया जाए और नई पीढ़ी तक पहुँचाया जाए। इस पर गहन विचार-विमर्श हुआ और सभी ने इसे अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

'पत्रकारों का कलम के साथ करूणा का संगम समाज के लिए प्रेरणादायक'

भीलवाड़ा (निसं)। जीवदया को लेकर मई जुन की तपती दुपहरी में बेजुबानों का सहारा परिंडा अभियान एक सराहनीय पहल है, मेरा ऐसा मानना है की पत्रकारों द्वारा कलम के साथ साथ करूणा का यह संगम समाज के लिए प्रेरणादायक है। यह विचार आज कलेक्ट्रेट परिसर में जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने व्यक्त किए।

उक्त विचार राठौड़ ने राजस्थान पत्रकार परिषद द्वारा परिंडा वितरण कार्यक्रम के तहत बतौर अतिथि व्यक्त किए। राठौड़ ने कहा कि भीषण गर्मी के थपेड़ों और आसमान से बरसती आग के बीच जब इंसान बेहाल है, तो बेजुबान पक्षियों की व्याकुलता का अंदाजा लगाना भी कठिन है। इसी मानवीय संवेदना को आत्मसात करते हुए राजस्थान पत्रकार परिषद (भीलवाड़ा इकाई) ने एक अनुकरणीय विकासात्मक और भावनात्मक पहल की है। जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने बताया की अभियान के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गार्डन में जीवदया अभियान के तहत 101 परिंडों का वितरण किया गया।

वहीं समाजसेवी अनिल छाजेड़ ने कहा की यह अभियान ना केवल पक्षियों की प्यास बुझाने का माध्यम है, बल्कि समाज में जियो और जीने दो के संदेश को भी जीवंत कर रहा है। परिषद के जीनगर ने बताया कि जनसहयोग के माध्यम से पांच दिवसीय इस महाभियान में 500 परिंडो का वितरण किया जाएगा।

अन्य वक्ताओं ने इस कार्य को ईश्वर की सेवा के समान बताते हुए कहा कि एक परिंडा केवल मिट्टी का बर्तन नहीं, बल्कि एक नन्हीं जान को मिलने वाला जीवनदान है और यह आयोजन नई पीढ़ी में जीवदया और करुणा के बीज बोने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा। वहीं अखिल भारतीय जैन श्वेताम्बर संघ की पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पा गौखरू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

संस्था का यह प्रयास आमजन में व्यवहारात्मक परिवर्तन लाएगा, जिससे लोग अपने घरों, दुकानों और छतों पर परिंडे लगाने के प्रति प्रेरित होंगे। राजीविका कार्मिक संघ के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोशी ने मौजुद आमजन को परिंडों के सही रख-रखाव और उनमें नियमित स्वच्छ जल भरने की जिम्मेदारी समझाकर इस अभियान को सफल बनाने की बात कही। इस मौके पर इन्द्रा सोनी, किरण सेठी, निर्मला बुलिया, कैलाश सुवालका, संजय चौहान, मुकेश चौहान, प्रदीप जीनगर सहित पत्रकार परिषद के बालगोविंद व्यास, देवेन्द्र सिंह नाथावत व राजकुमार गोयल मौजूद थे।

दाधीच समाज की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। दाधीच ब्राह्मण समाज मदनगंज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वैदप्रकाश दाधीच सहित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दाधीच भवन में आयोजित हुआ। केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, अध्यक्ष वैदप्रकाश दाधीच, किशनगढ दाधीच समाज अध्यक्ष दुर्गाबल्लभ काकडा, सभाध्यक्ष पं देवीलाल शास्त्री, संरक्षक कन्हैयालाल डेरोल्या, प्रताप नारायण खटोड, दधीमति क्रान्ति पत्रिका से राधेश्याम दाधीच अतिथि के रूप में मंचासिन रहे।

दाधीच ब्राह्मण समाज मदनगंज के कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह दाधीच भवन में आयोजित हुआ।

अध्यक्ष वैदप्रकाश दाधीच द्वारा घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर जुगल किशोर जोशी, रामकुमार दाधीच, सचिव दिवाकर काकडा, सह सचिव डॉ प्रकाश दाधीच, कोषाध्यक्ष परमेश्वर नुवाल, सह कोषाध्यक्ष कृष्णगोपाल दाधीच, खेल मंत्री ललित व्यास, प्रवक्ता सुशील दाधीच, सांस्कृतिक मंत्री राजेन्द्र पाटोदिया, सह सांस्कृतिक मंत्री पवन जोशी, संगठन मंत्री महेश व्यास, सह प्रचार मंत्री बंसत खटोड, कार्यालय प्रभारी कैलाश नुवाल, भवन प्रभारी राजेन्द्र कुदाल, संरक्षक कन्हैयालाल डेरोल्या, प्रताप नारायण खटोड, प्रेमसागर शर्मा, किशनगोपाल दाधीच, नारायण डेरोल्या, रामनिवास रतावा, जयकिशन खटोड, मनमोहन बिसावा, सत्यनारायण पाटोदिया, रामेश्वर नुवाल, बालुराम फ्लोड, रमेशचन्द डेरोल्या, ओमप्रकाश तिवाडी, ओमप्रकाश रतावा, चन्द्रप्रकाश ईनाणी के अलावा कार्यकारणी सदस्य के रूप मे कैलाश रिणवा, ओमप्रकाश खटोड, नाथुलाल दाधीच को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

दो नए कोर्स राजकीय कन्या महाविद्यालय में होंगे शुरू

भीलवाड़ा (निसं)। राजस्थान सरकार की ओर से युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए फिनिशिंग स्कूल प्रोग्राम की शुरुआत की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम वर्ष की एवं पासआउट छात्राओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने बताया कि महाविद्यालय में एपेरल तथा आइटी क्षेत्र से जुड़े सर्टिफिकेट कोर्स शीघ्र शुरू किए जाएंगे। इनमें एंडवांस पेर्टन मैकर और फुल स्टैक वेब डवलपमेन्ट कोर्स पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अधिकतम 60 तथा न्यूनतम 20 सीटें निर्धारित की गई है। इन कोर्सों के तहत विद्यार्थियों को 510 से 540 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें 70 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

- पहले दिन पंजीकरण के साथ शुरू हुआ प्रशिक्षण, भाजपा के इतिहास पर हुआ पहला सत्र,
- मुख्य वक्ता के रूप में संगठन प्रभारी हेमंत विजय ने भाजपा के इतिहास और विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्रीकिशन सोनगरा ने की

अजमेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी अजमेर शहर के बजरंग मंडल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का भव्य आयोजन अजमेर स्थित बांके बिहारी गार्डन में किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में करीब डेढ़ सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में संगठन के प्रति समर्पण, सक्रियता और अनुशासन का विशेष उत्साह देखने को मिला।

मंडल अध्यक्ष रचित कच्छावा ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत 4 अप्रैल को सायं 5 बजे जलपान और पंजीकरण के साथ हुई। इसके बाद 6 बजे से प्रथम सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर चर्चा हुई, जिसमें बजरंग मंडल अध्यक्ष रचित कच्छावा ने प्रस्तावना रखी। मुख्य वक्ता के रूप में संगठन प्रभारी हेमंत विजय ने भाजपा के इतिहास और विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्र की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्रीकिशन सोनगरा ने की। इस दौरान जिला अध्यक्ष रमेश सोनी, मंडल अध्यक्ष रचित कच्छावा और जिला महामंत्री राजेश शर्मा मंच पर उपस्थित रहे।

सत्र में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर भाजपा की विचारधारा को विस्तार से समझाया। सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता रामसिंहजी ने की।

चौथे सत्र में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना ने सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। अध्यक्षता सावित्री शर्मा ने की।

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चैधरी ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. प्रियशील हाड़ा ने की। प्रत्येक सत्र के अंत में जिज्ञासा समाधान के लिए समय दिया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं के प्रश्नों के उत्तर दिए गए। साथ ही प्रत्येक सत्र के बाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 10 प्रश्न पूछे गए। सही उत्तर देने वाले कार्यकर्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

NAME CHANGE

I, Rekha Spouse of Army No.:- 14856529K, SEP/MT, Tulasi Yadav Residing at Vill:- Hasimpur, Po:-Hingutargarh, Teh:- Sakaldiha, Distt:- Chandauli, Uttar Pradesh, Pin:-232105 have change my name from Rekha to Rekha Yadav vide affidavit no. CF 311251 dt 05/04/2026 at court campus Nasirabad

आम-सूचना

यह आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित करने हेतु प्रकाशित की जाती है कि हमारी फर्म मैसर्स श्री साईनाथ स्टोनेक्स, जिसका पंजीकरण जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र अजमेर में पंजीकरण संख्या 17/01/18/2011 दिनांक 10 नवम्बर 2011 के अंतर्गत किया गया था, का व्यवसाय निरंतर पूर्ववत् संचालित होता रहा है।वर्ष 2020 में प्रक्रियात्मक त्रुटि एवं अनजाने में मूल पंजीकरण में आवश्यक परिवर्तन दर्ज कराने के स्थान पर एक नया पंजीकरण संख्या RF/AJM/2020/3705 दिनांक 7 नवम्बर 2020 को प्राप्त कर लिया गया, जबकि फर्म की ऐसी कोई मंशा नहीं थी।अतः यह घोषित किया जाता है कि फर्म उक्त पंजीकरण संख्या RF/AJM/2020/3705 को स्वेच्छा से समर्पित करती है एवं अपनी समस्त गतिविधियाँ मूल पंजीकरण संख्या 17/01/18/2011 के अंतर्गत ही जारी रखेगी। साथ ही सक्षम प्राधिकारी से अनुरोध किया जाता है कि वर्ष 2020 के पंजीकरण को निरस्त कर आवश्यक परिवर्तन मूल पंजीकरण में दर्ज किया जाए। यह भी घोषित किया जाता है की किसी भी वित्तीय संस्थान का कोई बकाया शेष नहीं है। अतः हर आम व खास को इस आम सूचना के जरिया सूचित करते है कि यदि उक्त भागीदारी के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो आवश्यक दस्तावेज के साथ 7 दिवस में रजिस्टार ऑफ फर्म्स, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र अजमेर में प्रस्तुत करे। बाद मियाद कोई भी आपति स्वीकार नहीं की जाएगी। M- 9414011029

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण,अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण का एक नियमनशुदा आवासीय भूखण्ड संख्या सी-135, वाके स्थित पंचशील नगर आवासीय योजना, अजमेर क्षेत्रफल 175.50 वर्ग मीटर के आवंटी/अन्तरिति श्री हेमंत कुमार चतुर्वेदी सुपुत्र स्व. श्री सतीश चन्द्र चतुर्वेदी, निवासी रेलवे क्वार्टर नम्बर-1968 ए, गुजराती स्कूल के सामने, अजमेर की मृत्यु दिनांक 13/01/2022 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसो क्रमश (1) श्रीमती जयश्री चतुर्वेदी (धर्मपत्नी) (2) श्री यश चतुर्वेदी (पुत्र) है। श्रीमती जयश्री चतुर्वेदी द्वारा अपने सहहिस्सेदार व अपने एक मात्र सुपुत्र श्री यश चतुर्वेदी के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 29/03/2026 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

-योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 29 जाहिर आम सूचना दिनांक -06-04-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/67 दौराई अजमेर योजना में श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री मोहन लाल को आवंटित कर दिनांक-11.07.1997 को मकान का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री मोहन लाल जोरम द्वारा दिनांक-17.08.2012 को उप-पंजीयक कार्यालय द्वारा पंजीयन करवा लिया गया हैं। श्रीमती सुशीला देवी पत्नी श्री मोहन लाल जोरम द्वारा आवास का बेचान श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री जगदीश चन्द को दिनांक-02.02.2026 को कर दिया गया। जोकि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द सं. 1035 में पृष्ठ सं. 7 क्रम सं. 202603002101648 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक सं. 01 जिल्द सं. 4137 के पृष्ठ सं. 299 से 309 पर दिनांक-02.02.2026 को चस्पा किया गया हैं। अब श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री जगदीश चन्द ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तांतरण करने हेतु प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया हैं। श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री जगदीश चन्द का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन हैं। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

-सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर